कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कमल कान्त शर्मा निवासी– 195/23 राणा सांगा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर 302033

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी सिकराय

अपील संख्या 74/2025

निर्णय

दिनांक 22.08.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1846 दिनांक 23.07.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकः 660 दिनांक 24.7.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को कार्यालय द्वारा देय सूचना पत्र कमांकः 625 दिनांक 10.7.2025 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है एवं शेष सूचना उपखंड अधिकारी सिकराय से संबंधित होने से धारा 6(3) में स्थानान्तरित की गई। उपखंड अधिकारी सिकराय के द्वारा पूर्व में ही अपील सं. 73/2025 में चाही गई सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:10:06 IST
Reason: SelfAttested